an>

Title: Regarding four-laning of National Highway No. 8 between Gomti-Udaipur and Kakroli-Bhilwara in Rajsamand Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में निवेदन करना चाहता हूं।...(व्यवधान) वहां पर निर्मित फोर-लेन रोड, जो खण्ड गोमती और उदयपुर के बीच निर्माणाधीन है, उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में बहुत सारी अनियमितताएं, बहुत सारी कमियां रह गयी हैं।...(व्यवधान) उस प्रोजेक्ट रिपोर्ट के पुनरीक्षण की आवश्यकता है।...(व्यवधान) वहां की आबादी, जो दो भागों में विभाजित हो रही है, उन दोनों भागों में आने-जाने के लिए कोई सुविधा उस प्रोजेक्ट में नहीं रखी गयी है।...(व्यवधान) कई जगह स्कूल और गांवों की आबादी अलग-अलग दिशा में है और बीच में फोर-लेन नेशनल हाई-वे निर्मित हो रहा है।...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में वहां के बालकों को सड़क पार करने में बहुत असुविधा हो रही है।...(व्यवधान) नाथूद्वारा क्षेत्र में नगर में जाने के रास्ते अवरूद्ध हो गए हैं।...(व्यवधान) केलवा के अंदर जो अंडरपासेज की जरूरत है, वहां वह अंडरपासेज नहीं बने हैं।...(व्यवधान)

ऐसी स्थिति में मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार इस पर ध्यान दें और जो अभी वहां निर्माण की स्थिति है, उसमें जो परिवर्तन की आवश्यकता है, उसे परिवर्तित करके वहां पर जनता को उन सुविधाओं को उपलब्ध कराएं।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इस पूरे प्रोजेक्ट रिपोर्ट का एक बार पुनः निरीक्षण करके वहां पर आवश्यकता के अनुसार जो भी निर्णय लेने हैं, वे लिए जाएं।...(व्यवधान) मेरा आपसे यही निवेदन है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Kodikunnil Suresh.

...(*Interruptions*)